शिक्षा और देखभाल गुणवत्ता रेटिंग

गुणवत्ता महत्वपूर्ण है

अपने बच्चे के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल सेवा का चयन करना आपके सबसे ज़रूरी निर्णयों में से एक निर्णय होगा।

शिक्षा और देखभाल सेवाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक (एनक्यूएस) (National Quality Standard (NQS)) के आधार पर मूल्यांकित और रेट किया जाता है, जो पूरे ऑस्ट्रेलिया में सभी शिक्षा और देखभाल सेवाओं के लिए मानदंड तय करता है।

सेवाओं का मूल्यांकन सात गुणवत्ता क्षेत्रों के लिए किया जाता है, जो कुल रेटिंग तय करने में मदद करते हैं। यह कोई पास या फेल सिस्टम नहीं है, बल्कि इसे प्रत्येक सेवा की गुणवत्ता में लगातार सुधार को प्रोत्साहित करने के लिए बनाया गया है।

NSW में प्रारंभिक बाल शिक्षा और देखभाल सेवा गुणवत्ता रेटिंग को पालन-करने-में-आसान स्टार ग्राफ़िक में दर्शाया जाता है जिसे परिवारों को किसी सेवा की ओवरऑल रेटिंग के साथ-साथ प्रत्येक गुणवत्ता क्षेत्र की रेटिंग की ज़रूरी जानकारी देने के लिए बनाया गया है।

सभी सेवाएँ गुणवत्ता में सुधार की निरंतर यात्रा पर हैं, जिसे विभाग द्वारा समर्थन प्राप्त है। गुणवत्ता रेटिंग दर्शाती हैं कि एक ख़ास सेवा एक विशिष्ट समय पर अपनी यात्रा में कहाँ तक पहुँची है।

महत्वपूर्ण सुधार की ज़रूरत है	बच्चों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और कल्याण से जुड़ा एक महत्वपूर्ण जोखिम है। इन समस्याओं से निपटने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाएगी।
राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक की ओर प्रयासरत	सेवा एक सुरक्षित शिक्षा और देखभाल कार्यक्रम उपलब्ध कराती है, लेकिन इसमें सुधार के लिए एक या ज़्यादा क्षेत्रों की पहचान की गई है।
राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक को पूरा करती है	सेवा राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक को पूरा करती है। यह सभी सात गुणवत्ता क्षेत्रों में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल उपलब्ध कराती है।
राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के ऊपर है	सेवा सात में से कम से कम चार गुणवत्ता क्षेत्रों में राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक की ज़रूरतों से आगे निकल गई है।
उत्कृष्ट	जिन सेवाओं को राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के सभी सात गुणवत्ता क्षेत्रों में 'राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के ऊपर है' की रेटिंग मिली है, वे उत्कृष्ट रेटिंग के लिए एसीईसीक्यूए (ACECQA) को आवेदन कर सकती हैं।

किसी सेवा के लिए ओवरऑल रेटिंग कैसे तय की जाती है?

यदि किसी सेवा को किसी भी गुणवत्ता क्षेत्र में NQS से नीचे रेट किया गया है, तो ओवरऑल रेटिंग निम्नतम गुणवत्ता क्षेत्र रेटिंग दर्शाएगी। 'मानक के ऊपर' वाली ओवरऑल रेटिंग पाने के लिए सेवा को चार या ज़्यादा गुणवत्ता क्षेत्रों में NQS से ऊपर की रेटिंग प्राप्त करनी होगी जिनमें से दो रेटिंग गुणवत्ता क्षेत्र 1, 5, 6 या 7 से होनी चाहिए।

मुझे किसी सेवा की रेटिंग के बारे में कैसे पता चल सकता है?

कानून के अनुसार सभी सेवाओं को अपने परिसरों में अपनी गुणवत्ता रेटिंग को प्रदर्शित करना ज़रूरी है।

आप ACECQA के स्टार्टिंग ब्लॉक्स (Starting Blocks) वेबसाइट पर भी सेवाओं की गुणवत्ता रेटिंग के बारे में जान सकते हैं।

सेवा से निम्नलिखित सवाल ज़रूर पूछें

- राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक की कसौटी पर उनकी गुणवत्ता रेटिंग क्या है?
- वे राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक की आवश्यकताएँ कैसे पूरी कर रहे हैं?
- वे व्यापक शिक्षा कार्यक्रम में आपके बच्चे की रुचियों को कैसे शामिल करेंगे?
- गुणवत्ता के सुधार के लिए उनकी क्या योजना है?

गुणवत्ता रेटिंग सात गुणवत्ता क्षेत्रों की कसौटी पर सेवाओं का प्रदर्शन दर्शाते हैं।

ये क्षेत्र निम्नलिखित हैं:

गुणवत्ता क्षेत्र 1

शिक्षा कार्यक्रम और अभ्यास

शिक्षकों का शिक्षा कार्यक्रम और अभ्यास बाल-केन्द्रित और प्रोत्साहक है और यह प्रत्येक बच्चे के सीखने और विकास को समृद्ध करने और उसे बढ़ाने के लिए अधिकतम अवसर देता है।

गुणवत्ता क्षेत्र 2

बच्चों का स्वास्थ्य और सुरक्षा

एक ऐसे वातावरण में उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और देखभाल का अनुभव करना बच्चों का अधिकार है जो उनके स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण की रक्षा करता है और उन्हें प्रोत्साहित करता है।

गुणवत्ता क्षेत्र 3

भौतिक वातावरण

भौतिक वातावरण सुरक्षित और उचित है और समृद्ध एवं विविध अनुभव प्रदान करता है जिससे बच्चों के सीखने और विकास को प्रोत्साहन मिलता है।

गुणवत्ता क्षेत्र 4

स्टाफ की व्यवस्था

योग्य और अनुभवी शिक्षक जो बच्चों के साथ स्नेहपूर्ण, सम्मानपूर्ण संबंध बनाते हैं, पूर्वानुमेय वातावरण की रचना करते हैं और बच्चों को सीखने के कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

गुणवत्ता क्षेत्र 5

बच्चों के साथ संबंध

बच्चों के साथ संबंध प्रतिक्रियाशील, सम्मानपूर्ण और बच्चों में सुरक्षा और अपनेपन की भावनाओं को सुदृढ़ करने वाले होने चाहिए।

गुणवत्ता क्षेत्र 6

परिवारों और समुदायों के साथ सहयोगपूर्ण साझेदारियाँ

बच्चों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण परिणाम हासिल करने और सक्रिय संपर्क, सलाह और सहयोग के आधार पर समुदायों के साथ साझेदारियों के लिए परिवारों के साथ सहयोगपूर्ण संबंध बनाना बेहद ज़रूरी है।

गुणवत्ता क्षेत्र 7

प्रशासन और नेतृत्व

बच्चों के सीखने और विकास के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण वातावरण के निर्माण में प्रभावी नेतृत्व और सेवा मदद करती है। प्रभावी नेता सेवा के लिए साझे मूल्य स्थापित करते हैं और सेवा में लगातार सुधार के लिए स्पष्ट दिशा तय करते हैं।